पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय ने टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में वैश्विक रैंक बैंड 601–800 में स्थान हासिल किया

बठिंडा, 9 अक्टूबर 2025: उच्च शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्टता की ओर अग्रसर पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयू पंजाब) ने टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचई) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में वैश्विक रैंक बैंड 601–800 में स्थान अर्जित किया। इस रैंकिंग में 115 देशों के 2,191 शीर्ष विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन किया गया है, और इस उपलब्धि से सीयू पंजाब के उत्कृष्ट प्रदर्शन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है।

यह सफलता माननीय केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान के मार्गदर्शन और कुलपति प्रो. राघवेंद्र पी. तिवारी के प्रभावशाली नेतृत्व में प्राप्त हुई।

टी एच ई वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग संस्थानों का मूल्यांकन पाँच मुख्य स्तंभों - शिक्षण, शोध वातावरण, शोध गुणवत्ता, अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण और उद्योग संबंध - पर आधारित होता है। इस वर्ष केवल 10 भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों ने शीर्ष 600 में स्थान पाया, जिसमें भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर (रैंक बैंड 201–250) सबसे आगे रहा। इसके अलावा पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय सहित कुल 17 भारतीय विश्वविद्यालयों ने 601-800 वैश्विक रैंक बैंड में स्थान प्राप्त किया है।

टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 के परिणामों का स्वागत करते हुए कुलपति प्रो. राघवेंद्र प्रसाद तिवारी ने कहा कि सीयू पंजाब ने हाल के वर्षों में शोधपत्र परिणामों और उद्धरण प्रभाव में उल्लेखनीय प्रगति की है, जो हमारे शोध कार्य की गुणवत्ता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा और अनुसंधान हमारे विश्वविद्यालय की पहचान हैं तथा यह सफलता हमारे संकाय, शोधार्थियों, छात्रों और हितधारकों के समर्पण एवं प्रतिबद्धता का

सामूहिक परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हमारी उपलब्धियाँ भविष्य की रैंकिंग में और भी अधिक परिलक्षित होंगी।

कुलपति प्रो. तिवारी ने बताया कि टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भारत अब संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर सबसे अधिक रैंकिंग वाले विश्वविद्यालयों वाला देश बन गया है। उन्होंने यह भी जोर देकर कहा कि सीयू पंजाब शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में उत्कृष्टता के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रतिबद्ध है।

****